हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 लौहपुरुष व आयरन लेडी को अण्डा में दी गई श्रद्धांजलि



12 52 वर्षों बाद बचपन की यादें हुई ताजा, सहपरिवार ...





## खबर संक्षेप



### ओबीसी महासभा गुरूर ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गुरूर।** ओबीसी महासभा गुरूर द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधे श्याम साहू के मार्गदर्शन में अपनी मांगो को लेकर गुरूर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक ओमप्रकाश साहू, संरक्षक संपत कलिहारी, अध्यक्ष ओबीसी महासभा महिला प्रकोष्ठ वर्षा संजय साहू, उपाध्यक्ष राजेश साहू, अधिवक्ता रामसाय साहू, जीतू साहू, अधिवक्ता विनेश गजेंद्र, कमलेश भारद्वाज, अधिवक्ता चंद्रहास सिन्हा, रामगोपाल सिन्हा, अधिवक्ता भागीरथी सिन्हा, रिशी कुमार सिन्हा, सहित सभी ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होकर एसडीएम रामकुमार सोनकर को ज्ञापन सौंपा गया।

### आईटीआई संजारी में प्लेसमेंट कैंप 3 को

**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था संजारी में निजी कंपनी के सहयोग से आगामी 3 नवंबर को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्रमुख ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैंप में विभिन्न व्यवसायों के अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित हों। जिसमें 10वीं-12वीं एवं आईटीआई की अंकसूची, जाति व निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो और बायोडाटा आदि आवश्यक कागजात साथ लाएं। संस्था प्रमुख ने कहा कि यह कैंप युवाओं के लिए रोजगार प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर है। अतः सभी पात्र प्रशिक्षार्थी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### बैंगल्स दुकान में 50 हजार की चोरी

**भिलाई।** बैंगल्स दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि रंगोली बैंगल्स दुकान की खिड़की तोड़कर गल्ले से 50 हजार रुपए चोरी कर फरार हो गया है। घटना 29 अक्टूबर रात की है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गया है। जिसमें एक युवक गल्ले से पैसे निकालता नजर आ रहा है। युवक का चेहरा शर्ट से ढका है।चोर खिड़की का कांच तोड़कर दुकान में घुसा था। दुकान संचालक अभिषेक कुमार गुप्ता के मुताबिक 28 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे अपनी दुकान बंद किया था। सुबह कर्मी दुकान खोलने पहुंचा, तो उसने खिड़की का कांच टूटा पड़ा मिला। दुकान का सामान बिखरा हुआ मिला। तुरंत कर्मी ने संचालक को फोन कर घटना की जानकारी दी।

# देवउठनी एकादशी के साथ शुरू होगा वैवाहिक सीजन, नवंबर से मार्च तक सिर्फ 33 मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

त्योहारों की रंगत अब शादियों की रौनक में बदलने जा रही है। कार्तिक महीने की देवउठनी एकादशी के साथ ही अब चार माह बाद शुभ विवाह का मौसम शुरू हो जाएगा। इस वर्ष देवउठनी एकादशी शनिवार, 1 नवंबर को पड़ रही है, जबकि 2 नवंबर को भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके साथ ही वैवाहिक आयोजनों का शुभारंभ हो जाएगा और फिर नगर से लेकर गांव तक शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। पंडित सनत पाठक और प्रेम शुक्ला ने बताया कि पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि 1 नवंबर सुबह 9:11 बजे से प्रारंभ होकर 2 नवंबर सुबह 7:31 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार देवउठनी एकादशी का व्रत 1 नवंबर को ही रखा जाएगा, जबकि 2 नवंबर को तुलसी-शालिग्राम विवाह का पर्व मनाया जाएगा।

दशहरा, दीपावली और छठ जैसे प्रमुख पर्वों के संपन्न होते ही अब बैंड-बाजा-बारात का सीजन शुरू होने जा रहा है। पंडालों की सजावट, रोशनी, संगीत और बारात की धूम से जिले के शहर और गांव फिर से जगमगाते नजर आएंगे। देवउठनी एकादशी - 1 नवंबर (शनिवार) तुलसी-शालिग्राम विवाह - 2 नवंबर (रविवार) विवाह के कुल शुभ मुहूर्त - 33 दिन (नवंबर 2025 से मार्च 2026 तक) जनवरी में तारा अस्त रहने से विवाह मुहूर्त नहीं, अब जब भगवान विष्णु जाग चुके हैं, तो शहनाई की मधुर धुन के साथ शुरू होगा नवजीवन और नए रिश्तों का पावन अध्याय।

## 1 को देवउठनी, 2 नवंबर को तुलसी-शालिग्राम विवाह



### शुरू हो जाएंगे मंगल कार्य

पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से देवउठनी एकादशी के दिन जागते हैं, जिसके बाद सभी प्रकार के शुभ कार्य—विशेषकर विवाह, गृहप्रवेश, उपनयन संस्कार आदि पुनः प्रारंभ हो जाते हैं। इस वर्ष नवंबर से लेकर मार्च 2026 तक कुल 33 दिन विवाह के शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं। केवल जनवरी महीने में तारा अस्त रहने के कारण विवाह नहीं होंगे। नवंबर में 15 और दिसंबर में 3 शुभ मुहूर्त हैं, इसके बाद फरवरी और मार्च में भी विवाह का उत्सव जोरों पर रहेगा।

## विरोध : दो घंटे ठप रहा यातायात, प्रशासन को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

# जर्जर सड़कों के नवीनीकरण की मांग पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही/कलंगपुर

शुक्रवार को ग्राम मुंन्देरा के सैकड़ो ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 15 वर्ष पूर्व निर्मित खलारी से मुंन्देरा एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 10 वर्ष पूर्व निर्मित मुंन्देरा से तवेरा जर्जर मार्ग के नवीनीकरण की राशि तत्काल स्वीकृत करने की मांग को लेकर गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग के मुंन्देरा चौक में चक्काजाम किया। जिसके वजह से दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। इस बीच सड़क के दोनो तरफ वाहनो की लंबी लाईन लगी रही। चक्काजाम सुबह का समय था, इसलिए शासकीय कर्मचारियों एवं स्कूली व कालेज जाने वाले बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चक्काजाम स्थल पर गुण्डरदेही थाने से पुलिस बल सुरक्षा के दृष्टि तैनात थे। धरनास्थल पर उपस्थित ग्रामीण अध्यक्ष महेश प्रताप साहू, भोजराज साहू, गौतम दिल्लीवार, जगदीश ठाकुर, मीनू यादव उपसरपंच, वंदना राजेन्द्र साहू, केवल साहू संहित ग्रामीण जनों ने बताया पीएमजीएसवाई के अंतर्गत 15 वर्ष पूर्व निर्मित खलारी से मुंदेरा सड़क के नवीनीकरण का कार्य तत्काल प्रारंभ करने एवं सीएमजीएसवाई अंतर्गत 10 वर्ष पूर्व निर्मित मुंदेरा से तवेरा सड़क निर्माण के लिए तत्काल राशि स्वीकृत करने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति मुंदेरा के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही, तहसीलदार एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा कर इस जर्जर सड़क के बारे मे कई बार अवगत करा चुकें है लेकिन अब तक शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर नही गया। विदित हो कि उक्त दोनों सड़कें गुण्डरदेही–धमतरी मुख्य मार्ग को गुंडरदेही–रनचिरई मुख्यमार्ग को जोड़ती है और ग्राम मुंदेरा का एकमात्र पहुंच मार्ग है, जो कि वर्तमान में अत्यंत जर्जर है, डामर की परत पूरी तरह से उखड़ चुकी है, सड़क में गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं जिसमें चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणो का दावा है कि उन्हे पिछले 2 वर्षों से विभागीय अधिकारियों द्वारा कहा जा रहा था कि खलारी से मुंदेरा सड़क निर्माण हेतु राशि स्वीकृत हो चुकी है और टेंडर प्रक्रिया में है, लेकिन आज तक कार्य प्रारम्भ नही हुआ है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

- विभागीय अभियंता ने एक सप्ताह में मरम्मत का दिया लिखित आश्वासन



### आप नेता जसवंत सिन्हा ने दिया आंदोलन को समर्थन

इधर आप नेता व छाया विधायक जसवंत सिन्हा भी चक्काजाम कर रहे ग्रामीणो के बीच पहुंचकर अपना समर्थन ▶▶| शेष पेज 12 पर

### विभाग ने दिया लिखित आश्वासन

मौके पर छत्तीसगढ़ ग्राम सड़क विकास अभिकरण बालोद के कार्यपालन अभियंता एस. धुरव के द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर गड्ढों में गिट्टी मुरुम डालकर तत्कालिक व्यवस्था में सड़क का मरम्मत किया जाएगा एवं आगामी विधानसभा सत्र के अनुपूरक बजट में उक्त दोनों सड़कों के नवीनीकरण/सुदृढ़ीकरण के लिए राशि स्वीकृति कराने की बात कही गई, तत्पश्चात ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष महेश प्रताप साहू, सचिव गिरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष नंदकुमार साहू, जनपद सदस्य वंदना हिरवानी, उपसरपंच मीनू यादव एवं ग्रामवासियों द्वारा उक्त दोनों सड़कों के नवीनीकरण के लिए तत्काल राशि स्वीकृति करने की मांग संबंधी ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार गुण्डरदेही कोमल सिंह धुरव, अति.तहसीलदार हेमंत पैकरा को सौंपा गया।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट काउंटर रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- चिरईगोड़ी में विवाद ने लिया हिंसक रूप
- पुलिस ने दोनों पक्षों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में किया अपराध पंजीबद्ध

पुरानी रंजीश को लेकर दो पक्षो मे मारपीट व गाली गलौज हो गया। जिसके बाद दोनो ही पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम चिरईगोड़ी निवासी मेघराज साहू ने पुलिस को बताया कि 30 अक्टूबर को मेरे गांव का शोभीत साहू पिता प्रेमलाल साहू पुराने रनजीस को लेकर मेरे पिताजी के साथ मारपीट तथा गाली गलौज कर रहा था, मैं झगड़ा विवाद में बीच बचाव कर रहा था तो शोभीत साहू मुझे भी गाली गलौज कर हाथ मुक्के से मारपीट किया और पहने कपड़े को फाड़ दीये है, वे लोग पूर्व में भी मेरे परिवार के साथ कई बार वाद विवाद कर चुके है। आये दिन परेसान करते है, जान से मारने की धमकी देते है। जिसके बाद पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम चिरईगोड़ी निवासी शोभित राम साहू ने पुलिस को बताया कि मेरे पास थ्रेशर मशीन है, जिससे धान मिंजाई काम करता हूं। मेरे गांव का पन्नालाल साहू बाहर से किराये में थ्रेशर मशीन लाकर धान मिंजाई करवाता है, पन्नालाल के थ्रेशर चालक को बाहर से थ्रेशर क्यों लाते हो कहकर बोला था, उस बात को थ्रेशर चालक ने पन्नालाल साहू को बता दिया था, इस कारण पन्नालाल साहू मेरे से नाराज था, यह घटना विगत 01 वर्ष पूर्व की है। मैं 30 अक्टूबर को दोपहर करीबन 03:30 बजे मेरे पिता प्रेमलाल साहू घर के पास कलामंच पर बैठा था। मैं घर में काम कर रहा था, उसी समय मेरे गांव के पन्नालाल साहू मेरे पिताजी का नाम लेकर गाली– गलौज कर अपने घर चला गया। थोड़ी देर बाद पन्नालाल साहू अपने लड़का मेघराज साहू को साथ लेकर कलामंच के पास आया और मेरे पिताजी को गाली– गलौज कर रहा था, जो मुझे सुनने में बहुत खराब लगा, तब मैं कलामंच के पास जाकर पन्नालाल साहू एवं उसके लड़का मेघराज साहू को गाली देने से मना किया तो दोनो मुझे गालियां देकर धमकी देकर दोनो हाथ मुक्का से मारपीट कर धक्का देकर गिरा दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 3 को होगा निजी चिकित्सकों का जिला सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- साहू सदन झलमला में जुटेंगे सभी ब्लॉकों के पदाधिकारी

निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला बालोद के कार्यकारिणी मीटिंग में जिला व ब्लॉक के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिसमे निर्णय लिया गया है कि 3 नवंबर को साहू सदन घोटिया चौक झलमला में जिले के समस्त ब्लॉक के समस्त पदाधिकारीयो का सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला बालोद का कार्यकारिणी का बैठक गायत्री मंदिर गुरुर में रखा गया था। इस अवसर पर छग निजी चिकित्सक कल्याण संघ रायपुर प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरिकृष्ण गंजीर, जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू और ब्लॉक अध्यक्ष गुरुर डॉ लीला राम बनपेला, ब्लॉक अध्यक्ष बालोद डॉ धर्मेंद्र कुमार साहू, ब्लॉक अध्यक्ष गुण्डरदेही डॉ रोहित कुमार साहू की उपस्थिति में एवं जिला के सभी पदाधिकारी के सहयोग से प्रस्ताव किया गया। संघ ने कहा जिला के सभी चिकित्सक का जब भी मीटिंग होता है, उसमें यूनिफॉर्म में उपस्थित ▶▶| शेष पेज 12 पर



# वॉलीबाल स्पर्धा में विजेता बनी पीजी कॉलेज दुर्ग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- सात टीमों ने दिखाई शानदार खेल भावना

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा, दुर्ग द्वारा सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 29 अक्टूबर को हुआ। प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों ने सहभागिता कर उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजन कुमार दुबे, चेयरमेन, शैलदेवी एजुकेशनल सोसायटी, भिलाई ने सरस्वती पूजन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि " खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए क्योंकि खेल जीवन का अंग है अतः खेल में न जीत का अहंकार हो और ना ही हार की निराशा, सदैव खेल भावना से प्रेरित होकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करें इसके पश्चात खेल का शुभारंभ किया गया। खिलाड़ियों ने दिखाई शानदार खेल भावना प्रतियोगिता के सफल संचालन में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, खेल अधिकारी, छात्र-छात्राएँ एवं सहयोगी स्टाफ का विशेष योगदान रहा। दिनभर चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया। वहीं इस प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।





## कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने दिलाई शपथ, सरदार पटेल को किया नमन

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने ली एकता-अखण्डता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जन्मदिवस पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय संस्थानों में कार्यरत अधिकारी–कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। इसके अंतर्गत आज कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सुबह 10.30 बजे अधिकारी–कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकारी–कर्मचारियों ने अपने देश के आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प लिया। इसके अलावा अधिकारी–कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देश वासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयत्न करने की शपथ ली। इसके अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जेएल उइके तथा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में कार्यपालन अभियंता पूर्णिमा चंद्रा ने अनुविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी अनिल छारी ने तथा जनपद पंचायत कार्यालय डौण्डीलोहारा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई।



### सरदार पटेल के बहुमूल्य योगदानों को किया याद

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित शपथ कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा एवं संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष सहित जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, उप संचालक सहकारी संस्थाएं आरके राठिया एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पाण्डेय, जिला खाद्य अधिकारी तुलसी राम ठाकुर सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राष्ट्र के एकीकरण एवं राष्ट्र के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के बहुमूल्य योगदानों का उल्लेख करते हुए उन्हें सादर नमन किया। इस दौरान बालोद जिले के सभी शासकीय संस्थानों एवं कार्यालयों में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय प्रमुखों के द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई।

# जनपद गुरूर के 1526 हितग्राहियों का आज गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कराएंगे प्रतीकात्मक रूप से गृह प्रवेश

जनपद पंचायत गुरूर में नवनिर्मित 1526 प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियो को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्व में आयोजित समारोह में प्रतिकात्मक रूप से गृह प्रवेश कराया जाएगा। जनपद पंचायत गुरूर में वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2025–26 तक कुल 8485 आवास स्वीकृत हुए है, जिसमें अब तक 7479 आवास पूर्ण किये जा चुके हैं। इस संदर्भ में जनपद पंचायत गुरूर को अक्टूबर 2025 तक 1312 आवासों को पूर्ण करने हेतु लक्ष्य मिला था। जिसमें जनपद पंचायत द्वारा शत–प्रतिशत आवासों को पूर्ण कर लिया गया है। जनपद पंचायत द्वारा लक्ष्य से अधिक 1526 आवासो को पूर्ण करा लिया गया हैं। जिन्हे 01 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जंयती के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा राज्य में कुल 3.51 लाख आवासों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाना है, जिसमें प्रतीकात्मक रूप से जनपद पंचायत गुरूर में 1526 आवासों में गृह प्रवेश कराया जावेगा। इसको लेकर जनपद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियो में जबरदस्त उत्साह हैं।



### हितग्राही सजा रहे अपने घर

हितग्राहियो द्वारा आज होने वाले इस गृह प्रवेश के लिए अपने आवासो सजाया सवारा जा रहा है। हितग्राहियो ने कहा जिस प्रधानमंत्री ने हमे कच्चे मकान से मुक्ति दिलाकर पक्का मकान दिलाया है उन्ही के हाथो से प्रतिकात्मक रूप से ही सही लेकिन उनके हाथो से हमारा गृह प्रवेश करना हमारे लिए गर्व का विशय है यह पल हमारे जीवन में अविष्मरणीय रहेगा।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**दुर्ग।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2025-26 हेतु ऑनलाईन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रशिक्षण रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में 1 नवम्बर को सुबह 6 से 8 बजे तक होगा। जिले के अभ्यर्थी जो अग्निवीर की भर्ती 2025-26 के लिये आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं। वे निर्धारित तिथि और समय पर रविशंकर स्टेडियम में उपस्थित होकर प्रशिक्षण ले सकते हैं।

### पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को मिलेगा आधिपत्य पत्र

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में बनाए गए आवास गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए आशा की नई किरण बन रहे हैं।निगम सीमा के अंतर्गत गणपति विहार, सरस्वती नगर और माँ कर्मा साइट पर एएचपी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों का लाभ लगातार हितग्राहियों को मिल रहा है। इन स्थलों से बड़ी संख्या में पात्र आवेदनों की प्राप्ति हो रही है। पात्र हितग्राहियों के बीच पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रत्येक माह लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आवास आवंटन किया जाना है। इस माह भी लॉटरी निकालकर चयनित 07 हितग्राहियों को आवास का आधिपत्य प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## पेज 11 के शेष

### जर्जर सड़कों के ...

दिया, उन्होने प्रदेश की भाजपा सरकार व स्थानीय विधायक को जमकर कोसा, जसवंत सिन्हा ने कहा बीते 15 सालो में प्रदेश में भाजपा एवं कांग्रेस दोनो की सरकारे रही है लेकिन दोनो ही सरकारो नें क्षेत्र की जनता की उपेक्षा की है। कहा कि यह मुंन्देरा सड़क निर्माण की मांग पुरानी है, पिछले कांग्रेस सरकार मे यह सड़क निर्माण कार्य हो जाना था चुकि उस समय कांग्रेस की सरकार थी मगर उन्होने इस सड़क के लिए कोई ध्यान नही दिया। प्रदेश मे आज भाजपा की सरकार है यह सरकार का दो साल का कार्यकाल होने को है मगर प्रदेश मे कही भी विकास कार्य नही हो रहा है, सिर्फ जनता को झूठे आश्वासन देकर भाजपा सत्ता मे आई है।

### 3 को होगा निजी ...

हो, निजी चिकित्सक जिला बालोद के द्वारा रचनात्मक कार्यक्रम रक्तदान कर निरंतर मरीजों की सहयोग करते रहे, दायरे में रह प्रेक्टिस करें, जो केस समझ में नहीं आ रहा है उसे हाथ नहीं लगाना है और तुरंत जिला अस्पताल रिफर करना है, 3 नवंबर को निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला बालोद का सम्मेलन किया जाना है सभी चिकित्सक को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रस्ताव लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा सबसे पहले चिकित्सीय कार्य करने के लिए हमें अपना संगठन को मजबूत बनाना होगा और कोई भी रिस्क केश नहीं लेना है, जो केश समझ में नहीं आ रहा है उसे तुरंत जिला अस्पताल रिफर कर दे और अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के पास पूरी टीम लेकर जाएंगे।जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू ने कहा हम सभी को एक मंच में रहकर कार्य करना होगा तभी हमारा संगठन मजबूत हो सकता है, 3 नवंबर दिन सोमवार को साहू सदन घोटिया चौक झलमला में आयोजित सम्मेलन निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला बालोद के तत्वाधान में रखा गया है।

# 52 वर्षों बाद बचपन की यादें हुई ताजा, सहपरिवार शामिल हुए पूर्व छात्र

## बालोद के आदर्श स्कूल के 1974 बैच का स्वर्ण जयंती मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

52 वर्षों बाद आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बालोद के सहपाठी मिले। सभी ने इस अवसर को आनंद से व्यतीत करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया। सहपाठियों की पत्नियां एवं पति भी इसमें सम्मिलित हुए तथा अपने अनुभव साझा किये। आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बालोद सत्र 1974 के विद्यार्थियों के स्वर्ण जयंती सम्मेलन का आयोजन बालोद रिसोर्ट में किया गया था। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात स्कूल में जिस तरह से राष्ट्रगान कराया जाता था उसी तर्ज पर दिलीप बाफना ने राष्ट्रगान कराया। कार्यक्रम के संयोजक रूपचंद जैन ने अपने स्वागत भाषण में सबके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी प्रतिभावान साथियों की उपलब्धियो का जिक्र करते हुए कहा कि इनकी उपलब्धियां हमारे लिए भी सम्मान की बात है। उन्होंने जीवन के इस पड़ाव में जीवन को निर्बाध रूप से शांतिपूर्वक जीने के कुछ टिप्स भी दिए। **स्मृतियों का सिलसिला:** 52 वर्षों बाद मिलने का आकर्षण और स्कूल के बिताए क्षणों को पुनः स्मृति में संजोने वर्ष 1974 के छात्र एवं छात्राएं दूरदराज से आकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जिसमे जयश्री मुम्बई से एवं मंदीप, उषा नागपुर से यशोदा योगी आरंग से आई थी। सभी साथियों ने अपना पारिवारिक परिचय दिया साथ ही जीवन के उतार–चढ़ाव से अवगत कराया। कार्यक्रम को गति देते हुए द्रोपती कहार, उषा, नरेंद्र काबरा, जसवंत क्लाडियस, डॉक्टर डीपी देशमुख ने अपने गीतों के माध्यम से समा बांधा। सनत श्रीवास्तव, रूपचंद जैन ने अपने चुटीले अंदाज में सभी का मनोरंजन किया।



### पीछे छुटे साथियों को भी किया याद



कार्यक्रम के संचालक जसवंत क्लॉडियस ने अपने हास्य विनोद से कार्यक्रम में समा बांधे रखा। सहपाठी रहे भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने जिनकी प्रारंभिक शिक्षा बालोद में हुई थी ने भी अपने बाल्यकाल की स्मृति साझा किये। 1974 वर्ग के साथियों ने अपने जिन साथियों का साथ छूट गया जो स्वर्गवासी हो गए उन्हें स्मृत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपचंद गोलछा जसवंत क्लाडियस, डीपी देशमुख, रियाजुद्दीन कुरैशी, दिलीप बाफना, महावीर टूवानी, सेवक गौतम, लालचंद नूनीवाल, नरेंद्र काबरा, चिंताराम ठाकुर, युसूफ खान का पूर्ण सहयोग रहा। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक रूपचंद गोलछा ने दी।

आयोजन : छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर प्रतियोगिताओं में झलकी छत्तीसगढ़ी संस्कृति

# सरदार पटेल की जयंती पर कॉलेज में राष्ट्रीय एकता की शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल की अध्यक्षता में महाविद्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता अखंडता की शपथ ली और देश की अक्षुण्णता बनाए रखने के लिए अपनी सहभागिता दर्शाने का संकल्प लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता और राष्ट्र प्रथम के संदेश के साथ नारे लगाते हुए एकता मार्च निकाला। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रमों में हमर छत्तीसगढ़ की थीम के आधार पर रंगोली, पोस्टर, छग व्यंजन, छग वेशभूषा, छग नृत्य, गायन, भाषण एवं विकसित छत्तीसगढ़ पर निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। विद्यार्थियों ने सभी क्षेत्रें में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की तथा अपनी भाषा, रहन सहन, खान पान, वेशभूषा को सुंदर तरह से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस में पूर्व प्रधानमंत्री स्वगएँय अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के प्रयासों को दोहराया। **युवा उत्सव की तैयारी के लिए बच्चों को किया प्रेरित:** उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मिट्टी से जुड़ कर कार्य करने के साथ राज्य और देश के विकास के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। रंगोली प्रतियोगिता में कु टेसूका साहू प्रथम, जया रानी साहू द्वितीय, छत्तीसगढ़ व्यंजन में लक्ष्मी साहू प्रथम, कुसुम देशलहरे द्वितीय, सुरभि साहू तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रेरणा साहू प्रथम, आयुषी सोनी द्वितीय, जया रानी और मोहिनी तृतीय स्थान पर रही। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा मे तारिणी साहू प्रथम, स्वाति द्वितीय तथा भूमिका तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में भूगोल विभागाध्यक्ष नीता कुम्हारे ने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को आने वाले युवा उत्सव की तैयारी के लिए प्रेरित किया।

### इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ नरेश दीवान, डॉ रजनीश तिवारी, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, ऐश्वर्य ठाकुर, डॉ संतोष पांडे, डॉ अरुणेंद्र तिवारी, डॉ आबिद हसन खान, डॉ लता मारकंडे, प्रियम वैष्णव, मनीष साहू, मेज राम जोशी, पुरन मल शर्मा, गिरीश देशपांडे, आरडी भूआर्य, उमेश मंडावी, तामेश्वरी सहारा, रानी साहू, चंद्रकला, सहित सभी कर्मचारियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रासेयो प्रभारी चेतना सोनी ने किया।

# सरदार पटेल की जयंती पर स्कूल में गूंजा एकता का संदेश

- राष्ट्रीय एकता दिवस पर छात्रों ने जाना लौह पुरुष के योगदान
- विविधता में एकता ही भारत की असली पहचान – वक्ताओं ने दिया संदेश



**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में स्कूल और रनचिराई थाना ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मे पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेखराम साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर कृष्ण कुमार साहू, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सरपंच भाठागांव रुपेश्वर कुमार यादव, सरपंच कसौंदा जितेन्द्र चंद्राकर, प्राचार्य शेष नारायण वर्मा, प्रधान पाठक विनोद नेताम, प्रधान पाठक अरुण ठाकुर और टीआई थाना रनचिरई अनील सिंह राजपूत के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर लेखराम साहू ने कहा हर साल 31 अक्टूबर को भारत राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।

यह दिन महान व्यक्तित्व वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित है जिसने बिखरे रियासतों के भारत को एक सूत्र में पिरोया। वे सिर्फ भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री नहीं थे, बल्कि 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में उस एकता के प्रतीक बने। जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू ने कहा कि आजादी के बाद भारत 562 रियासतों में बंटा था। ऐसे समय में, सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, राजनीतिक कुशलता और दृढ़ नेतृत्व से इन रियासतों का भारत संघ में विलय कराया।

### भारत की असली पहचान उसकी विविधता में निहितः सरपंच

सरपंच रुपेश्वर यादव ने कहा कि आज जब सोशल मीडिया, राजनीति और विचारधाराएं लोगों को बांट रही हैं, राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि भारत की असली पहचान उसकी विविधता में निहित है यानी भाषा, संस्कृति, धर्म, परिधान सब अलग, लेकिन आत्मा एक। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृष्ण कुमार साहू ने कहा यह दिन हर भारतीय के भीतर यह भावना जगाता है कि हम सब मिलकर ही भारत हैं और एकता में ही शक्ति है। इस अवसर पर समस्त शिक्षक स्टाफ एवं पंचायत के पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीला लाल देशमुख ने और आभार चंद्रशेखर तिवारी व्याख्याता ने किया।

# कुम्हली में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

- जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने किया उद्घाटन
- ग्रामीणों ने जताया आभार, कहा– बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोखा के आश्रित ग्राम कुम्हली में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने फीता काट कर इस भवन का उद्घाटन किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर के जन्मदिन समारोह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह आंगनबाड़ी भवन गांव के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चे को बेहतर पोषण मिले और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा से उसका सर्वांगीण विकास हो। यह नया भवन इस दिशा में एक मजबूत नींव का काम करेगा। नए भवन में स्वच्छ वातावरण, खेल–कूद के लिए पर्याप्त जगह और शिक्षण सामग्री उपलब्ध है।

**ये रहे उपस्थितः** लोकार्पण समारोह में जनपद सदस्यद्वय रामेश्वर चंद्राकर, दीपक साहू, कौशल साहू, महेंद्र साहू सरपंच, सोसायटी अध्यक्ष, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। जिन्होंने इस पहल के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# दिव्यांग फल सिंह के स्वयं का घर होने का सपना हुआ साकार





**बालोद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने ऐसे परिवारों के जीवन में आशा की एक नई किरण जगाई है, जिनके स्वयं का सपना महज एक सपना ही रह गया था। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना ने बालोद जिले के हजारों जरूरतमंद परिवारों के सपनों को पंख देकर सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराया है। यह कहानी बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुसुमकसा निवासी दिव्यांग फल सिंह का है। जिन्हें अपनी बीमारी के चलते अपने दोनों पैर गवाने पड़े।

जीर्ण–शीर्ण कच्चा मकान, 03 छोटे बच्चों के साथ परिवार का गुजर बसर बमुश्किल से हो पाता था। जिसमें पक्का सपना महज एक सपना था। ऐसे समय में शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका आवास स्वीकृत हुआ। जहाँ शासन–प्रशासन के सहयोग से उनके सपनों का आशियाना, पक्के मकान का सपना संभव हो पाया।

**आवास से आजीविका की ओर हुए अग्रसरः** दिव्यांग फल सिंह बताते हैं कि इस योजना के अतिरिक्त उन्हें राशन कार्ड, गैस कनेक्शन, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदना आदि सुविधाओं का भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग होने के कारण उन्हें रोजगार मिलना बहुत मुश्किल था किन्तु पक्का मकान बनने के बाद ग्राम पंचायत एवं सीएलएफ समूह के लोन के माध्यम से परिवार की आजीविका के लिए स्वयं का राशन दुकान चला रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना से वे आवास से आजीविका की ओर अग्रसर हुए हैं। इस महत्वपूर्ण योजना के फलस्वरूप दिव्यांग फल सिंह का अपने एवं अपने परिवार के लिए पक्के आवास निर्माण का सपना साकार होने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

सामाजिक एकता पैनल की धमाकेदार जीत, सभी प्रत्याशी विजयी

# लालेश्वर साहू बने पाटन तहसील साहू समाज के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





साहू समाज का तहसील स्तरीय त्रि वर्षीय चुनाव 31 अक्टूबर को तहसील मुख्यालय पाटन में सम्पन्न हुआ है। जिसमें सामाजिक एकता पैनल ने वि हासिल किए लालेश्वर साहू गातापार साहू समाज पाटन तहसील अध्यक्ष चुने गए। विदित हो कि समन्वय नहीं बैठने के कारण चुनाव की स्थिति निर्मित हुई और पुनः अध्यक्ष बनने की इच्छा के साथ दिनेश साहू मैदान में उतरे और 444 मत प्राप्त कर असफलता को स्वीकारना पड़ा।

पाटन तहसील स्तरीय चुनाव में अध्यक्ष पद के सशक्त दावेदार के रूप समाज के कद्दावर समाजसेवी तहसील साहू समाज के कार्यकारी अध्यक्ष लालेश्वर साहू गातापार दक्षिण पाटन से चुनाव मैदान में उतरे है। समाज के चुनाव में राजनीति तो वर्जित है लेकिन इन दोनों दावेदारों की राजनीति पृष्ठभूमि एक ही राजनीति दल से है। इसलिए चुनाव की सरगमएँ और भी रोचक बन चुकी थी। पाटन तहसील अंतर्गत 5 परिक्षेत्रीय साहू समाज और स्थानीय साहू समाज आजीवन सदस्यों की महती भूमिका तहसील साहू समाज चुनाव में रही।

### सामाजिक एकता पैनल सभी प्रत्याशी विजयी

सामाजिक एकता पैनल के लालेश्वर साहू गातापार अध्यक्ष को 762 मत, डुलेश्वर साहू मटंग उपाध्यक्ष पुरुष को 630 मत, विमला साहू सेलूद उपाध्यक्ष पद महिला 688 मत, सुरेंद्र साहू पाहंदा संगठन सचिव पुरुष 731 मत, भुनेश्वरी साहू कुम्हली संगठन सचिव महिला 631 मत प्राप्त कर विजय श्री को वरण किए।

**भक्त माता कर्मा पैनल के सभी प्रत्याशी हारेः** भक्त माता कर्मा पैनल के दिनेश साहू तेलीगुंडरा अध्यक्ष पद को 444 मत, किशोर साहू जामगांव आर उपाध्यक्ष पुरुष 575 मत, अंजिता गोपेश साहू पतोरा उपाध्यक्ष महिला 507 मत, उमेश साहू अमलेस्वरडीह संगठन सचिव पुरुष को 468 मत, लीना साहू बोरेन्दा संगठन सचिव महिला को 569 मत मिले पूरे पैनल को हार स्वीकारनी पड़ी।

# देवउठनी एकादशी पर गन्ने की बढ़ी मांग, बाजारों में दिखी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 100 रुपए जोड़ी में बिक रहा गन्ना, तुलसी विवाह की तैयारी में जुटे श्रद्धालु





देवउठनी एकादशी के लिए गन्ना किसानो के साथ व्यापारी मजदूरो के माध्यम से खेतो मे गन्ना कटाई कर उन्हे बाजारो मे लाकर बिक्री करते दिख रहे है। जिले मे आज और कल दो दिन देवउठनी एकादशी का त्यौहार विभिन्न गांवो मे मनाया जाएगा। जिसके तहत शहर के चौक चौराहो मे त्यौहार से जुड़े सामानो की बिक्री देखने को मिल रही है। जिसके तहत देवउठनी एकादशी के अवसर पर लोग मां तुलसी के विवाह में मंडप बनाने के लिए गन्ने की खरीदी करते है तथा जिसमे मंडप बनाने के लिए गन्ने का जोड़ा होना आवश्यक है इसलिए लोग एक नहीं बल्की अनिवार्यतः दो गन्ने की खरीदी करते है जिससे लोग दो गन्ना खरीदकर तुलसी चौरा में मंडप बनाकर उसके आस पास सजावट कर गन्ने से मंडप बनाकर तुलसी माता की पूजा अर्चना करते है।

**100 रूपये जोड़ी में बिक रहा गन्नाः** व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार गन्ने को 100 रूपये जोड़ी में बेचा जा रहा है। जहां बाजार मे फटाखे और देवउठनी एकादशी के अवसर पर कांदा, कूसा के साथ मां तुलसी की श्रृंगार के साथ पूजा अर्चना की सामग्री बाजार मे बिक रही है। जहां देवउठनी एकादशी का त्यौहार मनाने के साथ सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते है जिसमे सगाई व शादियो के कार्य विशेष तौर पर प्रारंभ हो जाते हैं।

## खबर संक्षेप



### भुईंया पोर्टल में छेड़छाड़ करने वाले दो पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** भुईया पोर्टल में छेड़छाड़ करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम मुरमुंदा के भुईया साफ्टवेयर को हैक कर छेड़छाड़ कर फर्जी तरीके से नंदनी नगर स्थित एसबीआई से 36 लाख रूपये का आहरण किया गया था। नंदिनी पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर आरोपी वार्ड 9 सकरौली थाना बारद्ववार जिला शाक्ति निवासी गणेश प्रसाद तम्बोली , वार्ड 10 बाराद्ववार पेट्रोल पंप के पास थाना बारद्ववार जिला शाक्ति अमित कुमार मौर्य का शामिल होना पाया गया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने अलग-अलग पुछताछ करने पर गणेश प्रसाद तम्बोली के द्वारा उसके परिचित के अशोक उराव के द्वारा ग्राम मुरमुंदा तहसील अहिवारा के जमीन का रकबा ऑनलाईन भुईया पोर्टल में छेड़छाड़ बढ़ाने के लिए पैसा का ऑफर करना स्वीकार किया। उसके बाद अमित कुमार मौर्य के साथ मिलकर दोनों ने मुरमुंदा के खसरा नंबर 1538/11, 187/04 का भुईया पोर्टल में छेड़छाड़ कर मुरमुंदा के पटवारी का यूर्जर आईडी, पासवार्ड ओटीपी का इस्तेमाल कर छेड़खानी किया गया। फर्जी तरीके से आरोपी सुन्दर नगर वार्ड रायपुर सिलतरा रायपुर निवासी दीनु राम यादव, अछोटी निवासी एस राम बंजारे व अन्य के द्वारा भारतीय स्टैंट बैंक अहिवारा से 36 लाख रुपए का लोन लिया। प्रकरण में पूर्व में आरोपी नंद किशोर साहू की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

### नशीली दवाओं के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सीनू इंजीनियरिंग वकर्स के सामने मंगल बाजार छावनी के दो युवक नशीली दवाई टेबलेट बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। इस दौरान जामुल पुलिस ने आरोपी राजीव नगर जामुल बिसनाथ बाघ व अपचारी बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया था। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी तुषार महानंद का नाम बताया गया। नशीली दवाई अल्फा जोलम टेबलेट 2760 नग 10 हजार 120 रूपये का खरीदी करना स्वीकार किया।

### स्मृति नगर पुलिस के सामने चले लात-घूंसे

**भिलाई।** स्मृति नगर पुलिस एक बार फिर चर्चा में है। स्पा सेंटर में देह व्यापार का मामला सामने आने के बाद बाइक सवार ने कार चालक की बीच सड़क पर जमकर पिटाई कर दी। घटना के समय पुलिस भी सामने खड़ी थी, लेकिन आसपास के लोगों की मदद से कार चालक की जान बच पाई। नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम सूर्या मॉल के ठीक सामने साइड देने को लेकर कार चालक और बाइक सावर के बीच जमकर विवाद हो गया। दोनों तरफ से जमकर लात-घूसे भी चलने लगा। बाइक सवार ने कार चालक को उतार कर सड़क पर जमकर पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी घटना के दौरान बीच-बचाव करने में नाकाम दिखे। जिसका वीडियों सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मॉल के सामने बने चौक पर लेफ्ट टर्न के लिए अलग से एक लेन बनाई गई है। इसी लेन पर युवक अपनी बाइक खड़ी कर दी थी।

---

**आयोजन :** गुंडरदेही में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर का दीपावली मिलन समारोह रहा यादगार

# दीपावली मिलन समारोह में जन्मदिन का छलका उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने गुंडरदेही के शारदा वाटिका में एक भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें जिले व क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में सहभागिता की। समारोह मे सभी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण की विशेष उपस्थिति रही।

यह समारोह न केवल पुष्पेंद्र चंद्राकर के जन्मदिन की खुशी को दोगुना करने वाला रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं के साथ उनके मजबूत जुड़ाव को भी दर्शाता है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने इस समारोह को दीपावली और जन्मदिन का अनूठा संगम बनाया और इस अवसर को कार्यकर्ताओं के बीच स्नेह और सौहार्द बढ़ाने के लिए एक बेहतरीन मंच बनाया।

उन्होंने कहा कि यह दोहरा अवसर उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उन्हें दीपावली की शुभकामनाओं के साथ–साथ उनके शुभचिंतकों और भाजपा परिवार का आशीर्वाद भी मिल रहा है। समारोह स्थल को रंगीन रोशनी और फूलों से सजाया गया था, जो दीपावली और जन्मदिन की खुशियों को दर्शा रहा था। इस दौरान दूर–दराज के क्षेत्रें से आए असंख्य कार्यकर्ताओं ने समारोह में स्वस्फूर्त भाग लिया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पुष्पेंद्र चंद्राकर का उनके बीच कितना गहरा प्रभाव और सम्मान है।

**ये रहे उपस्थित:** समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, ज़िला महामंत्री राकेश छोटू यादव, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू, जनपद अध्यक्षगण पुरुषोत्तम चंद्राकर सहित स्थानीय नेताओं, गणमान्य व्यक्तियों और समाजसेवियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

समारोह में पहुंचे कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनका यह कदम न केवल उन्हें प्रोत्साहन देता है, बल्कि उन्हें एक परिवार के रूप में जोड़े रखने में भी मदद करता है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और जनसेवा में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगामी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं से जनता की सेवा में कोई कसर न छोड़ने का आह्वान किया।

### पुष्पेंद्र चंद्राकर ने न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों संग मनाया अपना जन्मदिन

**बालोद।** पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्राथमिक विद्यालय पांगरी में न्योता भोज का आयोजन किया। इस आयोजन में ज़िले के विभिन्न क्षेत्रें से आए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों और आम नागरिकों सहित सैकड़ों लोगों ने बच्चो के साथ न्योता भोज में हिस्सा लिया और पुष्पेंद्र चंद्राकर को शुभकामनाएँ दीं। प्राथमिक विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं पुष्पेंद्र चंद्राकर ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रेम और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा मेरा जन्मदिन ज़िले की जनता के साथ खुशियाँ बाँटने का एक मौका है। मैं आप सभी के

■ सैकड़ों लोगों की रही सहभागिता, जनसेवा को समर्पित रहा आयोजन





विश्वास पर खरा उतरने और ज़िले के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहूँगा। यह आयोजन न केवल एक जन्मदिन समारोह था, बल्कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर की ओर से जनता के प्रति उनके गहरे जुड़ाव और आभार प्रदर्शन का माध्यम भी बना। पूरे ज़िले में उनके की इस पहल की सराहना की जा रही है, जिसने सभी वर्गों के लोगों को एक मंच पर आने का मौका दिया।

**ये रहे उपस्थित:** न्योता भोज में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे, तहसीलदार कोमल ध्रुरव, जनपद सीईओ निकिता सुल्ताना, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी खिलेश्वरी ठाकुर, एबीईओ श्रद्धा ठाकुर, नायब तहसीलदार, एडिशनल सीईओ, सरपंच प्रमोद पटेल, कौशल साहू जनपद सदस्य, मंडल अध्यक्ष गुंडरदेही युवराज मार्कण्डेय, मंडल अध्यक्ष सिकोसा प्रकाश सिन्हा, मोंटू चंद्राकर, हेमराज दिल्लीवार व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

---

# 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करना सरकार का गलत फैसला : आप प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने यहां आयोजित प्रेसवार्ता में कहा है कि सरकार द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू किये जाने का फैसला सरकार का गलत निर्णय है। धान खरीदी 5 नवंबर से शुरू किया जाना चाहिये। अब तक किसानो का धान खेतो से खलिहान में आकर बेचने के लिये तैयार हो गया है और अभी पिछले 4–5 दिनों की बारिश के कारण धान पानी में भीग गया है, धान इसी तरह अगर 10–15 दिन रखा रहा तो किसानों को बहुत बड़ा नुकसान होगा। 15 नवंबर तक धान बेंचने का इंतजार करना अब किसानो के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। साय सरकार पिछले दो साल से 15 दिन देरी से 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करती है। क्या सरकार किसानों का भला नहीं चाहती। गोपाल साहू ने कहा एग्रीस्टेक पोर्टल में अभी तक 21 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जबकि पिछले साल लगभग 28 लाख किसानों ने धान बेचा था। अभी तक 7 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन तो हुआ है, लेकिन पोर्टल में गड़बड़ी के कारण 7 लाख से अधिक किसान धान बेचने से वंचित रह सकतें हैं, क्योंकि प्रदेश में 7 लाख 88 हजार 66 किसान ऐसे हैं, जिनका खसरा मेल नहीं खा रहा। साथ ही एग्री स्टेक पंजीयन में आ रही परेशानी के कारण हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। 31 अक्टूबर पंजीयन कि आखिरी तारीख है, तो जिनका एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहा उस पर या तो सरकार पंजीयन की तारीख आगे बढ़ाये या फिर उनका सोसायटी के माध्यम से पंजीयन कराया जाय। सरकार ने बताया था कि 25 लाख किसानों से धान खरीदेंगे, मतलब इस साल सरकार की नीयत पूरे किसानों से धान खरीदी करने की नहीं है।



### आप ने की 5 नवंबर से पहले धान खरीदी की मांग

गोपाल साहू ने कहा इस बार भी किसानों ने ऋण लेकर खरीफ की फसल बोई है। कभी खाद की कमी, कभी यूरिया की कमी के कारण और वर्तमान में बेमौसम बारिश के कारण किसानो की धान की फसल को बहुत बड़ा नुकसान होने वाला है। इसीलिए आम आदमी पार्टी सरकार से मांग करती है कि धान खरीदी 5 नवंबर से की जाए, अन्यथा इस बार छत्तीसगढ़ के किसाऊपर बहुत बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है।

### दो नवंबर को होगी निजी चिकित्सक कल्याण संघ की बैठक

**गुरूर।** निजी चिकित्सक कल्याण संघ गुरुर ब्लाक की मासिक बैठक 2 नवंबर को दोपहर 1 बजे गायत्री मंदिर गुरुर में रखा गया है। जिसमें समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति रहेंगी। निजी चिकित्सक कल्याण संघ गुरुर सचिव डॉ टीआर ठाकुर ने बताया कि यह बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक है, शासन प्रशासन के द्वारा निजी चिकित्सकों पर धर पकड़ चलायें जा रहें अभियान गर्माते जा रहें हैं, इस अभियान से बचने के लिए अपने निजी चिकित्सक कल्याण संघ लगातार प्रयास कर रहे है। क्योंकि हमारे संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरिकृष्ण गंजीर, जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू और ब्लॉक अध्यक्ष डॉ लीलाराम बनपेला के द्वारा प्रयास कर सभी से मिल कर समस्या को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं, अन्यथा निजी चिकित्सकों की प्रेक्टिस को बंद करना तय है, इस बात को गंभीरता से लेते हुए समस्त निजी चिकित्सक एक दिन अपना प्रेक्टिस बंद कर के अनिवार्य रूप उपस्थित होंगें।

**डॉक्टरों से उपस्थित होने की अपील:** अध्यक्ष डॉ लीलाराम बनपेला एवं समस्त पदाधिकारियों के आदेशानुसार इस माह की बैठक विवेकानंद नेत्र चिकित्सालय धमतरी के सौजन्य से सम्पन्न होना है। निजी चिकित्सक कल्याण संघ गुरुर सचिव डॉ टीआर.ठाकुर ने कहा सभी चिकित्सक अपना अमूल्य समय निकाल कर अनिवार्य रूप से उपस्थिति होकर आये हुए समस्या पर गहन चिंतन कर विचार या सुझाव रखेंगे।

# डीएमएफ की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग

## जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भारत सरकार एवं खनन मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार/ प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना संशोधित दिशा निर्देश के सभी जिलों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जिला खनिज प्रतिष्ठान से संबंधित समस्त विवरण जैसे - प्राप्त राशि, व्यय विवरण, स्वीकृत योजनाएँ, लाभार्थी सूची, बैठक की कार्यवाही और वार्षिक रिपोर्ट आदि - जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से प्रदर्शित किए जाने की चर्चा करते हुए मांग की।



यह कदम शासन की पारदर्शिता बढ़ाने और जनता को विकास कार्यों की वास्तविक जानकारी देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। परंतु वर्तमान में बालोद जिले की वेबसाइट पर डीएमएफ से संबंधित जानकारी सीमित रूप में उपलब्ध है। अतः जिला प्रशासन से अनुरोध है कि भारत सरकार के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए, डीएमएफ से संबंधित सभी अद्यतन जानकारी जिला वेबसाइट पर शीघ्र प्रकाशित की जाए।

### प्रशासनिक पारदर्शिता को मिलेगी मजबूती

यह कदम न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूत करेगा बल्कि जिले के आम नागरिकों को विकास कार्यों की जानकारी तक सरल पहुँच भी प्रदान करेगा। जबकि 23 राज्यों में गठित 644 डीएमएफ ने लगभग 86000 करोड़ रुपये अर्जित किए हैं। लगभग 80,000 करोड़ रुपये की लगभग 3,20,000 परियोजनाओं को मंजूरी दी है और खनन संबंधित कार्यों से प्रभावित क्षेत्रों जैसे अनुसूचित क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान एवं लोगों के विकास और कल्याण के लिए लगभग 1,71,000 परियोजनाएं को पूरा किया है । नीलिमा श्याम ने बताया की दिए गए आवेदन पत्र पर कलेक्टर मैडम ने कहा की हम धीरे धीरे सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि लोगों तक पारदर्शिता हो यहां आश्वासन दिया है।

---

# ईश्वरीय मार्ग पर चलें, मन को बनाएं साधन: पं हरीश

## प्रहलाद चरित्र से प्रेरणा लेने की दी सीख, मन की एकाग्रता को बताया सफलता की कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लूणी बाई केला फ्रंट परिसर में जारी श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस नाम की महिमा प्रहलाद चरित्र पर व्याख्यान हुआ। व्यासपीठ पर विराजित आचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी का मदनलाल मीठालाल, बद्री प्रसाद केला, प्रकाश राठी कोरर, अनिल टावरी डोंगरगांव, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, वाईके साहू, गिरधर धरमगुड़ी, भीखमचंद राठी, सुरेश चौरड़िया सहित मातृशक्ति ने भव्य स्वागत किए। तत्पश्चात आचार्य श्री के मुखारविंद से भागवत की अमृत वाणी प्रवाहित हुई।



भगवताचार्य हरीश चतुर्वेदी ने कहा कि ध्रुव प्रहलाद की तरह एकाग्रचित होकर अपना सपना इच्छा साकार कर सकते है। मन सत्संग में जब आता है तब एकाग्रचित्ता के गुर रहस्य को सीखने का अवसर मिल सकता है। मन चंचल है मन की चंचलता को नियंत्रित करने में भागवत भगवान की अमृत वाणी को आत्मसात करे।





आचार्य ने कहा कि मन अवसर अनुसार स्थिति बदलते रहता है। बचपन जवानी बुढ़ापा में अलग अलग रंग दिखाती है। मन बंधन का कारण बनता है और मन मोक्ष तक भी पहुंचा सकता है।

**ईश्वरीय कार्य होता है परमार्थ का कार्य :** आचार्य श्री ने कहा कि जब आप अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर परमार्थ के कार्यों में रुचि लेने लगते है तब आपके द्वारा किए जाना वाला कार्य ईश्वरीय कार्य बन जाता है जब आप ईश्वरी कार्य करते है तब ईश्वर आपको सहायता करना प्रारंभ कर देता है और मंजिल की ओर गतिशील हो जाती है। जीवन में आपका कार्य शैली ऐसा हो कि मृत्यु के समय आपकी मति सकारात्मक हो क्योंकि अंत समय की मति ही अगले भव को गति देती है। भगवान को मानने वाले भगवान का माने भव भव भटकना नहीं पड़ेगा। मुक्ति का द्वार खुल जाएगा।

**कर्म अच्छा किए थे तब मिला दुर्लभ मानव जीवन :** आचार्य श्री ने कहा कि अच्छा कर्म किए थे इसलिए दुर्लभ मानव जीवन मिला और सुख साधन ऐश्वर्य जीवन मिला कर्म फल का आनंद ले रहे हो। कर्म अच्छा करे भविष्य का जीवन भी अच्छा होगा। लेकिन जरा सोचे आप कर्म कैसे कर रहे इस कर्म का फल जब उदित होगा तब क्या फल अच्छा आयेगा या वेदनाओं से भरा हुआ होगा। गलत कर्म करने से परहेज करे वर्ना इसका फल जब आयेगा आप वेदनाओं से कराह उठोगे। उन्होंने कहा कि बिना मांगे दान करे जरूरत मंद को बिना एहसान किए सहायता करे भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा।

### विवाह मुहूर्त का समझें महत्व

आचार्य श्री ने कहा कि भारत ऋषि मुनियों का देश है यहां विधि विधान का बहुत महत्व है। कुलवान बहु लाए विवाह मुहूर्त में कराए भौतिकता की चकाचौंध में विवाह के मुहूर्त की धज्जियां ना उड़ाए और ना ही आडंबरों से परिणय की बेला को घेरे। हंसी मजाक को हावी नहीं होने दे निर्धारित समय का पालन करे दाम्पत्य जीवन में स्थिरता का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर विशेष रूप से रायपुर से मनोज राठी, प्रकाश राठी भानुप्रतापपुर, संतोष राठी भानुप्रतापपुर, डाली राठी, तन्नू पुगलिया, योगिता टावरी, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला अंडा, मानक लाल राठी, दिनेश टावरी गुण्डरदेही उपस्थित थे।

### मकान से चोरी करने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े

**भिलाई।** दशगात्र में शामिल होने गए परिवार के मकान में ताला तोड़कर चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि महमरा बांधपारा चौकी अंजोरा निवासी विक्की सेन मकान में ताला जड़कर दशगात्र कार्यक्रम में पाटन गया था। अज्ञात ने दीवाल फांदकर चोरी कर वाहन सीजी 04 क्यूबी 2166 में फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर गश्त के दौरान दीवाल फांदकर चोरी करने वाले को शीतलापारा मकान नंबर 6/744 रायपुर निवासी दीपक वर्मा उर्फ जीतु को पकड़ा गया।

# दल्लीराजहरा में तुलसी विवाह की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र में पवित्र तुलसी विवाह का पर्व इस वर्ष शनिवार और रविवार को हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। शहर में तुलसी विवाह को लेकर धार्मिक उत्साह चरम पर है। दल्लीराजहरा शहर के जैन भवन चौक, गुप्ता चौक, श्रमवीर चौक, न्यू मार्केट, शास्त्री बाजार, पंजाब नेशनल बैंक के सामने सहित कई स्थानों पर गन्ना की दुकानों की रंगीन सजावट ने पूरे दल्लीराजहरा शहर को भक्तिमय बना दिया है। श्रद्धालु महिलाएं तुलसी विवाह के लिए गन्ना, हल्दी, सिंदूर, श्रृंगार सामग्री और पूजन सामग्री की खरीदारी में जुटी हैं। घरों और मंदिरों में तुलसी चौरा सजाने का कार्य जोरों पर है। तुलसी विवाह के अवसर पर कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा भजन संध्या, तुलसी–शालिग्राम विवाह एवं सामूहिक पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है।

■ शहर में सजी गन्ने की दुकानें, हर चौक पर भक्ति और परंपरा का उत्सव



### पं प्रेम शुक्ला ने बताया क्यों मनाते हैं तुलसी विवाह

हिंदू धर्म में तुलसी को माता लक्ष्मी का अवतार माना गया है। पौराणिक कथा के अनुसार, तुलसी जी का विवाह भगवान विष्णु के शालिग्राम रूप से होता है। मान्यता है कि इस दिन तुलसी और भगवान शालिग्राम के विवाह से संपूर्ण ब्रह्मांड में शुभता और समृद्धि का संचार होता है। तुलसी विवाह के साथ ही देवउठनी एकादशी के बाद से सभी शुभ कार्यों की पुनः शुरुआत होती है। तुलसी विवाह करने से परिवार में सुख, शांति, धन-धान्य और वैवाहिक जीवन में मंगल का आशीर्वाद मिलता है। इसलिए यह पर्व भक्ति, समर्पण और वैवाहिक संस्कार की पवित्रता का प्रतीक माना गया है।

### आस्था और परंपरा का उत्सव

कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र कार्तिक पूर्णिमा का पर्व इस वर्ष 5 नवंबर (बुधवार) को मनाया जाएगा। इस दिन गंगा स्नान, दीपदान और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। दल्लीराजहरा शहर में भी कार्तिक पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालु तैयारियां कर रहे हैं, मंदिरों में विशेष पूजा और दीपदान की योजना बनाई जा रही है।






**खबर संक्षेप**

## देवउठनी एकादशी के बाद शुरू होंगे विवाह व मांगलिक कार्य

**लाटाबोड़।** चार माह के चातुर्मास की समाप्ति के बाद अब विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों का सिलसिला शुरू हो जाएगा 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर्व मनाने के बाद से भगवान विष्णु अपनी योग निद्रा से जागेंगे, जिसके साथ ही शादी-विवाह जैसे शुभ कार्यों का कार्य सम्पन्न होना शुरू हो जाएगा। महाराज होमेश्वर नाथ योगी ने बताया नवंबर महीना विवाह के लिए अत्यंत शुभ होने वाला है क्योंकि इस महीने में कुल 14 शुभ विवाह मुहूर्त है मांगलिक कार्यों की शुरुआत एकादशी के अगले दिन यानी 2 नवंबर को तुलसी विवाह के साथ होगी. 2 नवंबर का दिन अबूझ मुहूर्त माना जाता है, यानी इस दिन बिना किसी पंडित से पूछे भी विवाह करना अत्यंत शुभ होता है. दो नवंबर के अलावा 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30 नवंबर इन तिथियों में विवाह के लिए शुभ मुहुर्त है।

## राज्योत्सव में होगी विकास और संस्कृति की झलक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर तक जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में विशिष्ट अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सभी सदस्य एवं नगर पालिका परिषद बालोद के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाकार विकास कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

## आदतन अपराधी पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** प्रतिबंधित अवैध हथियार के बड़ते अपराधो की रोकने के लिए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई तीन नुतन चौक मरघट रोड बाडी के पास गतवा तलाब वार्ड 11 निवासी राहूल साहू बटन दार चाकू हाथ मे लेकर लहराते पकड़ा गया।

**जयंती : राष्ट्रीय एकता दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ श्रद्धासुमन अर्पण**

# लौहपुरुष व आयरन लेडी को अण्डा में दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरई के आंगन बाड़ी केंद्र में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल लौह पुरुष की 150 वीं जयंती तथा विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत की लंबे समय तक नेतृत्व करने व प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी आयरन लेडी की पुण्यतिथि श्रद्धाभाव से आंगन बाड़ी के कार्यकर्ता, सहायिका, बच्चों के साथ कांग्रेस की आनुषांगिक संगठन शक्ति की संयोजिका शशि साहू और सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव की मौजूदगी में श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाया गया। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा कि देश की आजादी और आजादी के बाद बिखरे हुए सैकड़ों रियासत को एकजुट करने सहित उनकी योगदान को याद किया गया साथ ही देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कृषि, गरीबी हटाने 20 सूत्री योजना से हुए बदलाव, बैंकों के राष्ट्रीयकरण जैसे कार्य के साथ ही सन 1975 में समेकित बाल विकास सेवा योजना से कुपोषण मुक्ति व गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रारंभ किए गए योजना के तहत आज आंगनबाड़ी से अनेकों बच्चों के कुपोषण से सुपोषण होकर बुनियादी, व्यवहारिक शिक्षा प्राप्त कर भविष्य गढ़ रहे है और स्वस्थ परिवार की महिलाएं आज सभी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भागीदारी दे: रही हैं।

■ महिलाओं और बच्चों ने भी लिया प्रेरणा का संदेश



### राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा जरुरी

दुनिया में भारत विकासशील से विकसित देश की पहचान और कद स्थापित किया है उसमें इन महापुरुषों की दूरदृष्टा का ही परिणाम है जिसे संपूर्ण राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता और आज इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी व इंदिरा गांधी जी को गांव गली से लेकर शहर संसद तक विनम्रभाव से नमन कर रहा है। कांग्रेस शक्ति की संयोजिका शशि साहू ने आज राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के मूल मकसद पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है जिसमें हमसब महिलाओं की जिम्मेदारी के साथ साझेदारी भी होना चाहिए।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से ग्राम विकाश समिति अध्यक्ष कैलाश सिन्हा, डॉ जितेंद्र साहू, राहुल साहू, गया विश्वकर्मा, रतन ठाकुर, पूर्णानंद ठाकुर, रामकली यादव, विनेश ठाकुर, मनीषा सेन, गोमती सिन्हा, ख़ेमिन ठाकुर, चंदा चक्रधारी, ह्यूमन साहू, सावित्री मानिकपुरी, शशि ढीमर, योगेश्वरी साहू, उमा ठाकुर, झमित देशमुख, भुनेश्वरी राउत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूरिका कुर्रे, सहायिका तरुणा कुर्रे सहित बच्चे उपस्थित रहे।



## 'रन फॉर यूनिटी' के साथ मनाई गई लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती

**गुरूर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमे पूर्व विधायक प्रीतम साहू के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया। जिसमें पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष बालोद कृष्णकांत पवार, मंडल अध्यक्ष मिरऐंटोला पुरूर टुकेश्वर पांडे, त्रिलोकी साहू, कुबेर साहू, प्रहलाद साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, महामंत्री यदीप साहू, होमशंकर साहू, अजेन्द्र साहू, द्वारिका सिन्हा, हेमंत साहू, संजय साहू, तेज राम, कमलदेव, पोखन लाल साहू, तोषण मरकाम, गिरीश हिरवानी, राजेंद्र साहू, रामकुमार, शैलेन्द्र सोरी, लक्ष्मण साहू सहित भाजपा मंडल पुरूर के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम के समापन में टुकेश्वर पांडे मंडल अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## सेजेस दुधली में मना राष्ट्रीय एकता दिवस



**डौंडीलोहारा।** देश के पहले गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाया गया। बालोद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान के बारे में बच्चों को जानकारी दिया और एकता का शपथ दिलाया।

■ डौंडीलोहारा में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम, बालोद पुलिस ने कराया आयोजन

बालोद थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने साइबर प्रहरी जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को जानकारी दिया और यातायात प्रभारी थाना बालोद रविशंकर पांडे ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया, ग्राम पंचायत दुधली के सरपंच पिलेश्वरी नेताम ने राष्ट्रीय एकता के बारे में जानकारी दिया और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित किया।

### बच्चों में हुआ पुरस्कार वितरण

एकता दिवस के अवसर पर जिला पुलिस बालोद के द्वारा सेजेस दुधली के बच्चों के लिए चित्रकला निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को जिला पुलिस बालोद के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया जिसमे चित्रकला में प्रथम स्थान खिलेश्वरी दसवीं, द्वितीय स्थान इशिता गांवरे नवमी, तृतीय स्थान यशिका साहू 11वीं विज्ञान, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नंदिनी दसवीं, द्वितीय स्थान खुशबू गांवरे 11वी विज्ञान, तृतीय स्थान भाग्यश्री देशमुख 9वी और रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु 12वीं विज्ञान, द्वितीय स्थान धनिका देशमुख 11वीं विज्ञान, तृतीय स्थान पूर्णिमा एवं भिवेश 10वी ने प्राप्त किया।

### ये रहे उपस्थित

एकता दिवस कार्यक्रम में सचिव दिलेश्वरी विश्वकर्मा ,रोजगार सहायक बिंदु कुमारी देशमुख, पंच कृष्ण कुमार देशमुख ,देवसिंह साहू, आरती भट्ट,कमलेश ठाकुर,पूर्णिमा देवांगन ,इन्द्राणी कुंजाम ,दुलेश्वरी मसिया आदि उपस्थित थे। संस्था के व्याख्याता के. टांडिया ने जिला पुलिस बालोद के आयोजन के लिये आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चित्रा साहू, रेखा ठाकुर ,निर्मला कोमिया ,रेखलाल भोसले, वी आर देवांगन और समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## टटेंगा में मना राष्ट्रीय एकता दिवस

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर देश के सभी वर्गों में एकता बनाए रखने के लिए रन फॉर यूनिटी, एकता शपथ, व एकता वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर के देवांगन ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए किए गए कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बारडोली सत्याग्रह में उनकी दृढ़ता के लिए उन्हें लौह पुरुष की उपाधि दी गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने उनके उल्लेखनीय कार्यों का वर्णन करते हुए बताया कि उनके प्रयासों से ही सैकड़ों छोटे छोटे रियासतों का तथा हैदराबाद का भारत में विलय हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ व्याख्याता टी एल देवांगन, हेपशीबा एंथोनी, भागवत साहू, रवि देवांगन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर चंद्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, हर्षा देवांगन, महेश रावटे, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, सी पी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव उपस्थित थे।







## लौह पुरूष की जयंती पर हुआ रन फार यूनिट का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** भाजपा मंडल डौंडी लोहारा द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 वीं जयन्ती के अवसर पर रन फॉर यूनिट के अन्तर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा पदाधिकारियों के साथ नगर के युवाओं ने भी भाग लेकर स्थानीय गायत्री मंदिर से काली मंदिर व विवेकानंद चौक से होकर संजय नगर तक दौड़ लगायी, इस कार्यक्रम को सम्पूर्ण भारत वर्ष मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला संगठन के निर्देश पर भाजपा मंडल के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ, इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से पूर्व जिला भाजपा महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा, मंडल महामंत्री द्वय दुष्यंत गिरी, सोमेन्द्र देशमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम, महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा,मंडल कोषाध्यक्ष मोहन निषाद,महेन्द्र जायसवाल, प्यारे निषाद धीरेन्द्र टांक, युवामोर्चा अध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख,दिलीप बाफना, उत्तम मालेकर ,अजय बाफना, राजेंद्र आर्दे, सहित अनेक कार्यकर्ता व नागरिक गण शामिल हुए।





## महिलाओं ने मनाया अक्षय नवमी पर्व

**दल्लीराजहरा।** कार्तिक मास की शुक्ल नवमी तिथि पर आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में शुक्रवार को महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ आंवला नवमी (अक्षय नवमी) पर्व मनाया।

सुबह से हो रही बेमौसम बारिश के बावजूद महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से कथा श्रवण किया, दीप प्रज्वलित किए और केले के पत्तों पर प्रसाद स्वरूप खिचड़ी का भोग लगाकर स्वयं भोजन ग्रहण किया।

**आंवला नवमीं पर दान-पुण्य होता है शुभः** शास्त्रों के अनुसार, कार्तिक मास का यह पर्व अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। भगवान विष्णु ने स्वयं कहा है कि जो व्यक्ति अक्षय नवमी के दिन आंवले के वृक्ष की पूजा कर दान-पुण्य करता है, वह घोर पापों से भी मुक्त हो जाता है। इसीलिए महिलाएं इस दिन आंवले के नीचे बैठकर भोजन करने की परंपरा निभाती हैं।

**बेमौसम बारिश से आई उल्लास में कमीः** हालांकि, इस वर्ष क्षेत्र में सुबह से जारी बेमौसम बारिश के कारण आंवला नवमी का उल्लास कुछ कम नजर आया। कई स्थानों पर महिलाओं ने घरों के आंगन या पास के वृक्षों के नीचे ही पूजा सम्पन्न की। सामान्य वर्षों में इस अवसर पर लोग परिवार सहित पिकनिक मनाने अंचल के पर्यटन स्थलों — जैसे साल्हे सिघनवाही कोकान देवरी, डौंडी, गंगरेल डेम आदि — में बड़ी संख्या में पहुंचते थे।फिर भी, श्रद्धालुओं की आस्था पर मौसम की मार का कोई असर नहीं पड़ा। महिलाओं ने पूरे भाव और भक्ति के साथ अक्षय नवमी का पर्व मनाते हुए सुख-समृद्धि की कामना की।

## जन्मभूमि परिवार समिति ने बुजुर्गों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

रविवार को ग्राम जन्मभूमि परिवार धोबनपुरी के द्वारा 75 वर्ष से अधिक उम्र से बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयराम साहू थे। अध्यक्षता खेदूराम साहू ने की। अतिथि जीवराखन साहू, चतुर राम साहू, हिंसाराम साहू उपस्थित थे।

■ मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत

समिति में शासकीय सेवा में कुल 22 सदस्यों की टीम है। उनके द्वारा गांव के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके 7 परिवार के बुजुर्ग पुरुष एवं महिला और सत्र 24-25 मे 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर गांव के नाम को गौरवान्वित करने वाले बच्चों व देश सेवा में जाने वाले बच्चों के माता-पिता को सम्मानित किया गया। रेड क्रॉस, जूडो आदि खेलो में प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



### बुजुर्गों का सम्मान करना गर्व का विषयः जयराम साहू

मुख्य अतिथि जयराम साहू ने कहा कि आज गांव मे गर्व का विषय है जो सभी गांव के हमारे बच्चों ने गांव के 75 वर्ष के अधिक उम्र के बुजुर्गों का सम्मान कर रहे है। अध्यक्षता खेदूराम साहू ने कहा कि गांव में ऐसे बच्चों के द्वारा बुजुर्गों का सम्मान कर एक यादगार पल को ताजा कर रहे है। बचपन के यादो को ताजा कर रहे है।

**ये रहे उपस्थितः** सरपंच प्रभा साहू ने कहा कि ग्राम के सभी शासकीय कर्मचारियों के द्वारा ग्राम के बुजुर्गों का सम्मान करना जीवन के पल को ताजा करना है, जन्मभूमि परिवार सदस्य के रुप मे योगेश साहू, दुर्योधन ठाकुर, खिलेश्वर साहू, आत्मा साहू, अश्वनी साहू, पंकज साहू, गेमन साहू, धर्मेंद्र साहू, लक्की गंजीर, तरुण, तुलेश्वर, गोवर्धन सोनबोईर एवं ग्राम धोबनपुरी के अन्य शासकीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस सम्मान कार्यक्रम को सफल करने में लक्ष्मी आयोजन समिति और ग्राम पंचायत धोबनपुरी का सहयोग रहा।

**हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज













